आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार से देशवासियों को सात हजार दो सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात, प्रदेश को बिहार से जोड़ने वाली चार अमृत भारत ट्रेनों का भी करेंगे उद्घाटन।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिए स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस पचीस के नौवें संस्करण के पुरस्कार, देशवासियों से की स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आगे आने की अपील ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में की विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा, वाराणसी को स्वच्छता के टॉप फाइव सूची में लाने पर दिया जोर, कहा–नियमित रूप से चलाया जाए स्वच्छता अभियान।
- प्रदेश में रुक रुक कर वर्षा का क्रम जारी, कई जिलों में जनजीवन प्रभावित।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के मोतीहारी जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वह देश को सात हजार दो सौ करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बताया है कि वह बिहार में जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने जा रहे हैं उनमें सॉफ्टेयर टेक्नोलॉजी पार्क, चार नई अमृत भारत ट्रेन और सड़क परियोजनाएं प्रमुख तौर पर शामिल हैं। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया है कि प्रधानमंत्री बिहार से जिन चार अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे उनका लाभ प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। इन चार अमृत भारत ट्रेन में से दो लखनऊ में आकर समाप्त होंगी। एक अमृत भारत ट्रेन लखनऊ के चारबाग से होते हुए दिल्ली के आनंद बिहार स्टेशन तक जाएगी। वहीं एक अन्य अमृत भारत ट्रेन प्रदेश के पंडित दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज, गोबिंदपुरी और गाजियाबाद रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेंगी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस पचीस के नौवें संस्करण के पुरस्कार कल नई दिल्ली में प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्वच्छता, विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

**मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष 2026 के लिए आवासन शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया गया है। इस सर्वेक्षण में विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों तथा लगभग 14 करोड़ देशवासियों की भागीदारी सुनिश्चित की है।**

सरकार के वार्षिक स्वच्छ सर्वेक्षण में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में लखनऊ को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। पिछले वर्ष लखनऊ को चौवालीसवां स्थान मिला। प्रदेश के शहरी विकास मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ की तरफ से राष्ट्रपति से सम्मान प्राप्त किया।

सुपर स्वच्छ लीग में तीन से दस लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा है । तीन से दस लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में गोरखपुर को चौथा स्थान मिला। सहारनपुर जिले ने भी इसी आबादी की श्रेणी में सोलहवां स्थान हासिल किया है। सफाई मित्र सुरक्षित शहर श्रेणी में भी गोरखपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, प्रयागराज को सबसे स्वच्छ गंगा टाउन का पुरस्कार मिला है। पचास हजार से तीन लाख की जनसंख्या वाली श्रेणी में हरदोई जिले को राष्ट्रीय स्तर पर चौवनवां, जबकि प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ और नोएडा को पुरस्कार मिलने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि रिड्यूस, रीयूज और री–साइकल के मंत्र को आत्मसात कर आज नया उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित राज्य की संकल्पना को साकार कर रहा है।

**********

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो दो हजार पचीस से पूर्व देश के प्रमुख औद्योगिक नगरों में आयोजित किए जा रहे रोड शोज की श्रृंखला में तीसरा मेगा रोड शो आज बैंगलुरु में आयोजित किया जा रहा है। इस रोड शो के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य अपने निर्यात विजन दो हजार पचीस को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसी पहुंचे। वहां उन्होंने सर्किट हाऊस में अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिले में गतिमान परियोजनाओं को अभियान चलाकर पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण में बाधा बनने वाले धर्मस्थलों को स्थानीय लोगों से वार्ता कर आस–पास उप्युक्त स्थल पर विधि–विधान से स्थापित किया जाए। स्वच्छता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी को स्वच्छता के टॉप फाइव सूची में अवश्य होना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए। कानून एवं शान्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर माहौल खराब करने वालों पर विशेष नजर रखने के लिए निर्देशित किया और उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे।

**********

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल ही एक दिवसीय दौरे पर चंदौली पहुंचे। उन्होंने कलक्ट्रेट सभागर में समीक्षा बैठक की और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री ने चंदौली को वाराणसी से जोड़ने वाले पुल का हवाई निरीक्षण किया। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री उन्होंने कहा कि चंदौली जनपद के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार ने कई कार्यक्रम आगे बढ़ाए हैं। इसी क्रम में चंदौली को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे से भी जोड़ा जाएगा।

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जो लखनऊ से गाजीपुर तक पहले ही आ चुका है। लोग उसका लाभ ले रहे हैं। चंदौली होते हुए सोनभद्र शक्ति नगर तक पहुंचाने की कार्रवाई और इसको हम लोगों ने अपनी सैद्धांतिक सहमति दी है। उसके सर्वे के कार्यक्रम आगे चल रहे हैं। और बाद में फिर इस कार्यक्रम को हम लोग आगे बढ़ाएंगे। चंदौली की सीधी कनेक्टिविटी प्रदेश की राजधानी लखनऊ से और देश की राजधानी दिल्ली से इस एक्सप्रेसवे के माध्यम से होगी। दूसरा चंदौली को दूसरा लाभ मिलेगा गंगा एक्सप्रेसवे का।**

**********

देश ने कल आकाश प्राइम से लद्दाख में अत्याधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में दो तेज गति के मानवरहित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट करके महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एक रिपोर्ट–

**आकाश प्राइम सेना के आकाश हथियार प्रणाली का उन्नत संस्करण है। इसे साढ़े चार हजार मीटर से अधिक ऊँचाई पर संचालित करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें स्वदेशी रूप से विकसित रेडियो फ्रीक्वेंसी शामिल है। इसका उपयोग ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किया गया था। यह देश के प्रक्षेपास्त्र विकास कार्यक्रमों के लिए बड़ी सफलता है, जो अब वैश्विक रक्षा बाजार में तेजी से ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर सेना, डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी है। सुपर्णा की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं आकर्षिता सिंह।**

**********

रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के तहत अमेठी में इंडो रशियन राइफल प्राइवेट लिमिटेड इस साल के अंत तक एके दो सौ तीन राइफल के पूर्ण स्वदेशी मॉडल का उत्पादन शुरू कर देगी। आईआरआरपीएल के सीईओ मेजर जनरल एस के शर्मा ने बताया कि अभी रूस के सहयोग से बनाई जा रही ऐके दो सौ तीन के पूर्ण स्वदेशी राइफल का नाम 'शेर' दिया गया है। अभी इसका पचास प्रतिशत निर्माण भारत मे हो रहा है। अक्टूबर दो हजार पचीस तक सत्तर प्रतिशत और इकतीस दिसम्बर तक इसका पूर्ण स्वदेशी उत्पादन होने लगेगा।

**ये एक भारतीय सेना की टीम द्वारा बनाई जा रही है। यानि की एएस आ यूजर आज की तारीख में हम ही यहाँ बैठे हुए है तो हम इस बात को समझते है की इस राइफल को हमने बहुत ही सीरियसली क्वालिटी कंट्रोल के हिसाब से बनाना है। तीसरी चीज जो मुझे खूबी लगती है अपने राइफल में वो है की ये एक जेनुइन इंजनाइज प्रोडक्ट हो।**

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश सहित प्रदेश के कई जिलों में पिछले दो दिन से आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। कई स्थानो पर भारी वर्षा होने से लोगो का जन–जीवन प्रभावित हुआ है।

**********